प्रस्ताव

# 14 मूल कोशिका (स्टेम सेल) के अनुसंधान को जारी रखने के लिए बॉन्ड्स को अधिकृत करता है। पहल संबंधी कानून।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** महान्यायवादी द्वारा तैयार किया गया

**इस उपाय के टेक्स्ट को पृष्ठ 89 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ रीजेनरेटिव मेडीसिन से प्रशिक्षण सहित मूल कोशिका और अन्य चिकित्सा संबंधी अनुसंधान; मूल कोशिका थेरेपी विकास और डिलीवरी; अनुसंधान के लिए सुविधा-केंद्र के निर्माण; और संबंधित प्रशासनिक खर्चों के लिए; शैक्षणिक, गैर-लाभकारी और निजीसंस्थाओं को अनुदान वित्तपोषित करने के लिए राज्य सामान्य दायित्व वाले बॉन्ड्स में $5.5 बिलियन को अधिकृत करता है।
- अल्ज़ाइमर्स, पार्किंसंस, स्ट्रोक, मिर्गी, और अन्य मस्तिष्क और केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली संबंधी रोगों और स्थितियों के बारे में अनुसंधान और चिकित्सा के लिए $1.5 बिलियन समर्पित करता है।
- बांड ऋण सेवा का भुगतान करने के लिए जनरल फंड का विनियोजन करता है।
- मूल कोशिका और अन्य चिकित्सा संबंधी अनुसंधान, चिकित्सा विकास और डिलीवरी, और छात्र तथा चिकित्सक के प्रशिक्षण और फैलोशिप को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रमों का विस्तार करता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- अगले लगभग 30 वर्षों में प्रति वर्ष लगभग $260 मिलियन के अनुमानित बॉन्ड्स का भुगतान करने के लिए बढ़ी हुई राजकीय लागतें।

**राज्य की लागतों का सारांश**

| | |
|---|---|
| **नया उधार** | |
| मूल राशि | $5.5 बिलियन |
| ब्याज | 2.3 बिलियन |
| **कुल अनुमानित लागत** | **$7.8 बिलियन** |
| **भुगतान** | |
| औसत वार्षिक लागत | $260 मिलियन |
| स्वीकृत भुगतान अवधि | 30 साल |
| भुगतान के स्रोत | मुख्य रूप से जनरल फंड टैक्स राजस्व |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## पृष्ठभूमि

***शोधकर्ता अनेक रोगों के अध्ययन और उपचार हेतु स्टेम सेल का उपयोग करते हैं।*** स्टेम सेल विशेष प्रकार की कोशिकाएं होती हैं जो मनुष्यों के अंदर उपस्थित होती हैं। शोधकर्ता स्टेम सेल की कोशिकाओं, ऊतकों और अंगों के पुनर्निर्माण करने की क्षमता के लिए उनमें रुचि रखते हैं, जिससे संभावित रूप से कुछ बीमारियों के इलाज या ठीक करने में सहायता मिलती है। "रिजनरेटिव मेडिसिन" में काम करने वाले शोधकर्ता अल्ज़ाइमर रोग, HIV/AIDS, स्ट्रोक, मधुमेह और कैंसर सहित कई रोगों के इलाज पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

***मतदाताओं ने पहले स्टेम सेल मतदाता उपाय को स्वीकृति दी थी।*** 2004 में, मतदाताओं ने प्रस्ताव 71 को मंजूरी दी, जिससे राज्य के संविधान में एक प्रावधान जोड़ा गया, जो स्टेम सेल के अनुसंधान के लिए California के शोधकर्ताओं के अधिकार की पुष्टि करता है। उपाय ने California इंस्टीट्यूट फ़ॉर रिजनरेटिव मेडिसिन (CIRM) का भी निर्माण किया, जिसे मुख्य रूप से California के विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं को स्टेम सेल अनुसंधान, नए उपचारों के विकास, नैदानिक परीक्षणों, नई अनुसंधान सुविधाओं और अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए अनुदान प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया। उपाय ने (1) CIRM की नीतियों को अपनाने और अनुदान राशि देने के लिए एक प्रबंधक मंडल, (2) विशेष मामलों पर प्रबंधक मंडल का मार्गदर्शन करने के लिए तीन सलाहकार कार्यकारी दल और (3) CIRM के वित्त की समीक्षा करने के लिए एक स्वतंत्र निरीक्षण समिति का भी निर्माण किया।


***उपाय ने राज्य को सामान्य दायित्वयुक्त बॉन्ड्स जारी करने की सुविधा प्रदान की।*** प्रस्ताव 71 ने राज्य को सामान्य दायित्वयुक्त बॉन्ड्स में $3 बिलियन बेचने की अनुमति दी, जो उधार का एक रूप है। राज्य ने बॉन्ड्स को निवेशकों को बेचा और इन बिक्री से प्राप्त धन को CIRM को अनुदान और संचालन के लिए निधि के रूप में दिया गया। बॉन्ड्स को बेचने के बाद, राज्य कई वर्षों से निवेशकों को ब्याज चुका रहा है। जैसा कि आम तौर पर इस प्रकार के बॉन्ड्स के साथ होता है, राज्य ने अधिकांश ऋण का भुगतान सामान्य निधि से किया है—जो राज्य का मुख्य परिचालन खाता होता है जिससे शिक्षा, जेल, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य सार्वजनिक सेवाओं के लिए भुगतान किया जाता है। उपाय ने निर्धारित किया कि बॉन्ड की बिक्री से प्राप्त निधि से ब्याज की एक छोटी राशि का भुगतान किया जाए। (राज्य के बॉन्ड्स उपयोग के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस मार्गदर्शिका में आगे "राज्य बॉन्ड ऋण का अवलोकन" देखें। )

***अनुदानों ने अनेक कार्यों के लिए निधि प्रदान की है।*** चित्र 1 दर्शाता है कि CIRM ने अपनी अनुदान निधि का उपयोग कैसे किया है। निधि प्राप्त परियोजनाओं में बुनियादी विज्ञान अनुसंधान (जैसे स्टेम सेल पर प्रयोगशाला में अनुसंधान), संभावित उपचार विकसित करना और नैदानिक परीक्षण करना सम्मिलित है। अनुदान निधि ने कॉलेज के छात्रों के लिए नई अनुसंधान सुविधाओं और अनुसंधान इंटर्नशिप के निर्माण सहित अन्य गतिविधियों के लिए भी सहायता प्रदान की है। California विश्वविद्यालय को सबसे अधिक अनुदान निधि प्राप्त हुई है, इसके बाद निजी गैर-लाभकारी विश्वविद्यालयों और संस्थानों (जैसे Stanford विश्वविद्यालय) को प्राप्त हुई है। CIRM से अनुदान प्राप्त करने के अलावा, कई अनुदान प्राप्तकर्ता उनकी परियोजनाओं के लिए अन्य स्रोतों से अतिरिक्त निधि प्राप्त करते हैं। निधि के अन्य सामान्य स्रोत उद्योग से योगदान, निजी दान और संघीय अनुदान हैं।

**चित्र 1**

**प्रस्ताव 71 जनक कोशिका अनुदान का सारांश**

2004 से ले कर $2.7 बिलियन प्रदान किया गया



***अनुदान प्राप्तकर्ता को आविष्कार-संबंधित आय को राज्य के साथ साझा करना आवश्यक होता है।*** कुछ स्टेम सेल अनुसंधान नए आविष्कारों की खोज कर सकते हैं, जिनमें नई चिकित्सीय प्रौद्योगिकी और उपचार सम्मिलित हैं। प्रस्ताव 71 के अनुसार अनुदान प्राप्तकर्ता जो अपने आविष्कार को लाइसेंस करते हैं या बेचते हैं उन्हें प्राप्त आय का एक हिस्सा राज्य के साथ साझा करना होता है। आय में से राज्य का हिस्सा सामान्य निधि में जमा किया जाता है और इसका उपयोग राज्य के किसी भी कार्यक्रम की सहायता के लिए किया जा सकता है। इन वर्षों में, CIRM के प्रबंधक मंडल ने आय का हिस्सा राज्य के साथ साझा करने के नियम विकसित किए हैं। राज्य ने 2017 में CIRM- से प्राप्त निधि से निर्मित आविष्कारों से राजस्व प्राप्त करना शुरू किया। आज तक, इन आविष्कारों ने राज्य को लगभग कुल $350,000 प्रदान किए हैं।

***CIRM ने लगभग उपलब्ध सम्पूर्ण निधि को खर्च कर दिया है।*** जून 2020 तक, CIRM ने अपने अधिकांश प्रस्ताव 71 से प्राप्त निधियों को खर्च कर दिया था। CIRM के अनुसार, अनुदान के लिए लगभग $30 मिलियन उपलब्ध हैं। इसकी निधि में कमी होने के साथ ही CIRM अपने स्टाफ़ को कम कर रहा है। संस्थान में 50 से अधिक पूर्णकालिक कर्मचारियों की तुलना में अब 35 पूर्णकालिक कर्मचारी काम कर रहे हैं। इसकी योजना अगले कुछ वर्षों के लिए कुछ कर्मचारियों को रखने की है क्योंकि शेष परियोजनाएँ पूरी हो गई हैं।

## प्रस्ताव

***स्टेम सेल की गतिविधियों के लिए नए बॉन्ड्स अधिकृत करता है।*** प्रस्ताव 14 राज्य को सामान्य दायित्व युक्त बॉन्ड्स में $5.5 बिलियन बेचने की अनुमति देता है। बॉन्ड्स मुख्य रूप से कई रोगों के लिए अनुसंधान और उपचार के विकास (नैदानिक परीक्षणों सहित) में सहायता के लिए अतिरिक्त अनुदानों को निधिगत करेंगे। प्रस्ताव मस्तिष्क और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाले रोगों (जैसे अल्ज़ाइमर रोग और पार्किंसंस रोग) के उपचार के लिए विशेष रूप से अनुसन्धान और विकास के लिए कम से कम $1.5 बिलियन अलग रखता है। प्रस्ताव CIRM को California राज्य विश्वविद्यालय और California सामुदायिक कॉलेजों के छात्रों के लिए प्रशिक्षण के अवसरों के लिए अनुदान निधि का एक छोटा सा हिस्सा, साथ ही अनुसंधान और नैदानिक परीक्षणों पर केंद्रित संस्थानों की सहायता और स्थापना में मदद करने के लिए भी एक छोटा सा हिस्सा आवंटित करने का निर्देश देता है। कुछ प्रकार के अनुदानों के लिए, CIRM को यह सुनिश्चित करना आवश्यक होता है कि अनुदान प्राप्त करने वाले राज्य भर में स्थित हैं और उन आवेदकों को प्राथमिकता देना जो समान निधि प्रदान करते हैं। प्रस्ताव CIRM को उनकी प्रशासनिक लागत पर बॉन्ड निधि का 7.5 प्रतिशत से अधिक व्यय करने की अनुमति देता है।

***बॉन्ड्स से संबंधित विशेष नियम स्थापित करता है।*** प्रस्ताव राज्य द्वारा बेचे जाने वाले बॉन्ड्स की राशि को $540 मिलियन प्रति वर्ष तक सीमित करता है जिससे बॉन्ड की बिक्री में कम से कम 11 वर्षों के लिए वृद्धि करता है। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद पहले पाँच वर्षों के लिए, राज्य बॉन्ड की बिक्री से प्राप्त निधि का उपयोग करके ब्याज का भुगतान करेगा, जिससे कारण अनुसंधान परियोजनाओं के लिए उपलब्ध बॉन्ड निधि की राशि में कमी होगी। 1 जनवरी, 2026 से, राज्य बॉन्ड की बिक्री से प्राप्त निधि का उपयोग ब्याज के भुगतान करने के लिए नहीं करेगा। इसके बजाय, राज्य शेष ऋण का भुगतान सामान्य निधि से करेगा।

***CIRM में अनेक परिवर्तन करता है।*** विशेष रूप से, प्रस्ताव स्टेम सेल उपचार के लिए मरीज़ की पहुंच आसान करने के उद्देश्य से कई बदलाव करता है। प्रस्ताव CIRM को विशेष रूप से मरीज़ों के लिए उपचार तक पहुंच में आसानी और उसे किफ़ायती बनाने से सम्बंधित नीतियों और कार्यक्रमों के निर्माण के लिए 15 पूर्णकालिक कर्मचारियों को काम पर रखने की अनुमति देता है। (अन्य परिचालन उद्देश्यों के लिए संस्थान को 70 पूर्णकालिक कर्मचारियों को रखने अनुमति दी जाएगी।) विशेषज्ञों का एक नया सलाहकार कार्यकारी दल इन मामलों में CIRM के प्रबंधक मंडल की सहायता करेगा। इसके अलावा, सामान्य निधि में जमा किए गए आविष्कार संबंधित किसी भी राजस्व का उपयोग मरीज़ों के रिजनरेटिव मेडिसिन उपचार का भुगतान करने में मदद के लिए किया जाएगा। कई अन्य परिवर्तनों के साथ, प्रस्ताव CIRM के प्रबंधक मंडल में सदस्यों की संख्या को भी 29 से बढ़ाकर 35 कर देता है।

## वित्तीय प्रभाव

***राज्य की कुल अनुमानित लागत $7.8 बिलियन है।*** इस प्रस्ताव द्वारा बॉन्ड्स के वापसी भुगतान की अधिकृत लागत विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जैसे कि बॉन्ड्स पर ब्याज की दरें और उनके वापसी भुगतान की समयावधि। हमारे अनुमान से बॉन्ड्स का भुगतान करने की कुल लागत $7.8 बिलियन होगी—मूल राशि के लिए $5.5 बिलियन और ब्याज के लिए $2.3 बिलियन। राज्य की लागतें लगभग **30 वर्षों के लिए औसतन लगभग $260 मिलियन प्रति वर्ष होगी**। यह राशि राज्य के वर्तमान सामान्य निधि बजट के 1 प्रतिशत से कम है।

***मरीजों के उपचार की लागत के लिए उपलब्ध आविष्कार-संबंधित आय का अनुमान लगाना मुश्किल है।*** मरीज़ों के रिजनरेटिव मेडिसिन उपचार की लागतों को कवर करने में मदद के लिए नए आविष्कारों से राज्य को उपलब्ध होने वाले आय की मात्रा अनिश्चित है। कई बार, अनुसंधान से कोई आविष्कार नहीं भी होता है। इसके अलावा, आम तौर पर कोई अनुसंधान परियोजना शुरू होने से लाइसेंसिंग तक या संबंधित आविष्कार को बेचने में बहुत समय व्यतीत होता है। आज तक, राज्य ने आविष्कार से संबंधित आय से कुछ लाख डॉलर का संग्रह किया है। हालांकि, अतीत की आय के संग्रह, भविष्य की आय की सटीक भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं।

***अन्य संभावित वित्तीय प्रभाव।*** इस प्रस्ताव के परिणामस्वरूप राज्य और स्थानीय सरकारों पर कई अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि प्रस्ताव में नए उपचार सामने आते हैं, तो राज्य और स्थानीय सरकार के कुछ कार्यक्रम जैसे कि Medi-Cal, कम आय वाले लोगों के लिए राज्य के सब्सिडी युक्त स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम की लागत प्रभावित हो सकती है। इस प्रस्ताव के अप्रत्यक्ष प्रभाव का कुल वित्तीय प्रभाव अज्ञात है।

**प्रमुख रूप से इस उपाय का समर्थन या विरोध करने के लिए बनाई गई समितियों की सूची के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov/campaign/measures/* पर जाएं।**

**समिति के शीर्षस्थ 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएं।**

**इस राज्य उपाय के पूर्ण टेक्स्ट की एक प्रति इस गाइड के पेज 89 पर देखी जा सकती है।**